**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.1943**

**07 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए**

**आवास निर्माण हेतु निर्धारित लक्ष्य**

**1943. श्री सतीश चंद्र दूबे:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में आवास निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्यों का राज्य-वार, विशेष रूप से बिहार राज्य और उसके जिलों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा करने हेतु अब तक कितनी राशि आवंटित एवं जारी की गई है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क) और (ख): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय चार घटकों अर्थात लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण या वृद्धि (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), 'स्वस्थाने' स्लम पुनर्विकास (आईएसएसआर) और ऋण संबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के माध्यम से सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं के साथ हर मौसम अनुकूल पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से कार्यान्वयन एजेंसियों को केंद्रीय सहायता देकर जून, 2015 से 'सबके लिए आवास' मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) कार्यान्वित कर रहा है।

पीएमएवाई-यू एक मांग आधारित योजना है और भारत सरकार ने आवास निर्माण के लिए कोई लक्ष्य तय नहीं किया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने आवास की वास्तविक मांग का आकलन करने के लिए पीएमएवाई-यू के तहत मांग सर्वेक्षण किया है और 112.24 लाख आवासों की मांग की सूचना दी है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, 31.07.2023 तक 118.90 लाख से अधिक आवासों को मंजूरी दी गई है। स्वीकृत आवासों में से 112.30 लाख आवासों का निर्माण शुरू हो चुका है; जिनमें से 76.02 लाख आवास पूरे हो चुके हैं/लाभार्थियों को सुपुर्द कर दिए गए हैं। पीएमएवाई-यू के तहत स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण किए गए आवासों का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है। बिहार राज्य में पीएमएवाई-यू के तहत स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण किए गए आवासों का जिला-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है। 2.00 लाख करोड़ रूपये (लगभग) केंद्रीय सहायता प्रतिबद्ध में से, अब तक 1.48 लाख करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

*****

**दिनांक 07-08-2023 को राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1943 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

**पीएमएवाई-यू के तहत स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण किए गए आवासों का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

| क्र.सं. | | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम | आवासों का विवरण (संख्या) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वीकृत | निर्माणाधीन | पूर्ण |
| 1 | राज्य | आंध्र प्रदेश | 21,32,432 | 19,97,115 | 8,15,473 |
| 2 | | बिहार | 3,23,356 | 3,02,590 | 1,12,166 |
| 3 | | छत्तीसगढ | 3,02,663 | 2,73,450 | 1,93,845 |
| 4 | | गोवा | 3,146 | 3,146 | 3,144 |
| 5 | | गुजरात | 10,54,868 | 9,83,027 | 8,81,711 |
| 6 | | हरियाणा | 1,65,034 | 92,312 | 65,236 |
| 7 | | हिमाचल प्रदेश | 12,991 | 12,991 | 9,536 |
| 8 | | झारखंड | 2,29,156 | 2,12,227 | 1,29,113 |
| 9 | | कर्नाटक | 6,38,121 | 5,90,941 | 3,20,280 |
| 10 | | केरल | 1,65,557 | 1,46,113 | 1,15,642 |
| 11 | | मध्य प्रदेश | 9,54,009 | 9,41,534 | 7,01,172 |
| 12 | | महाराष्ट्र | 14,02,629 | 11,03,334 | 8,15,733 |
| 13 | | ओडिशा | 1,90,384 | 1,69,299 | 1,33,619 |
| 14 | | पंजाब | 1,32,235 | 1,10,466 | 75,704 |
| 15 | | राजस्थान | 2,89,446 | 2,31,312 | 1,74,085 |
| 16 | | तमिलनाडु | 6,81,277 | 6,47,538 | 5,34,852 |
| 17 | | तेलंगाना | 2,50,084 | 2,44,039 | 2,24,072 |
| 18 | | उत्तर प्रदेश | 17,01,389 | 16,33,800 | 12,94,727 |
| 19 | | उत्तराखंड | 64,856 | 52,795 | 31,728 |
| 20 | | पश्चिम बंगाल | 6,82,577 | 6,09,605 | 3,67,622 |
| **उप-योग (राज्य):-** | | | **1,13,76,210** | **1,03,57,634** | **69,99,460** |
| 21 | पूर्वोत्तर राज्य | अरूणाचल प्रदेश | 8,499 | 8,360 | 6,502 |
| 22 | | असम | 1,76,643 | 1,51,222 | 85,507 |
| 23 | | मणिपुर | 56,037 | 47,990 | 11,227 |
| 24 | | मेघालय | 4,758 | 3,772 | 1,116 |
| 25 | | मिजोरम | 39,811 | 39,214 | 7,067 |
| 26 | | नगालैंड | 31,968 | 31,825 | 15,721 |
| 27 | | सिक्किम | 594 | 449 | 209 |
| 28 | | त्रिपुरा | 89,068 | 83,781 | 65,000 |
| **उप-योग (पूर्वोत्तर राज्य) :-** | | | **4,07,378** | **3,66,613** | **1,92,349** |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह(यूटी) | 376 | 376 | 47 |
| 30 | | चंडीगढ़ (यूटी) | 1,256 | 1,256 | 1,256 |
| 31 | | दादरा और नगर हवेली | 10,468 | 10,196 | 9,079 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | एवं दमन और दीव (यूटी) | | | |
| 32 | | दिल्ली (यूटी) | 29,976 | 29,976 | 29,976 |
| 33 | | जम्मू एवं कश्मीर (यूटी) | 49,141 | 47,356 | 19,445 |
| 34 | | लद्दाख (यूटी) | 1,307 | 1,014 | 674 |
| 35 | | लक्षद्वीप (यूटी) | - | - | - |
| 36 | | पुदुचेरी (यूटी) | 14,185 | 14,139 | 8,678 |
| **उप-योग (यूटी) :-** | | | **1,06,709** | **1,04,313** | **69,155** |
| **कुल योग :-** | | | **118.90 लाख** | **112.30 लाख *** | **76.02 लाख *** |

***इसमें पीएमएवाई-यू मिशन अवधि के दौरान पूर्ववर्ती जेएनएनयूआरएम योजना के पूर्ण (3.41 लाख)/निर्माणाधीन (4.01 लाख) आवास शामिल हैं।**

**दिनांक 07-08-2023 को राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1943 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II**

**बिहार राज्य में पीएमएवाई-यू के तहत स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण किए गए आवासों का जिलावार विवरण**

| क्र.सं. | जिले का नाम | आवासों का विवरण (संख्या) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | निर्माणाधीन | पूर्ण |
| 1 | अररिया | 6,995 | 6,987 | 1,490 |
| 2 | अरवल | 5,068 | 2,184 | 603 |
| 3 | औरंगाबाद | 5,028 | 4,638 | 1,759 |
| 4 | बांका | 2,291 | 2,030 | 618 |
| 5 | बेगूसराय | 14,579 | 14,579 | 6,285 |
| 6 | भागलपुर | 8,140 | 7,263 | 3,156 |
| 7 | भोजपुर | 7,954 | 7,751 | 2,995 |
| 8 | बक्सर | 1,849 | 1,849 | 947 |
| 9 | दरभंगा | 11,394 | 11,196 | 5,528 |
| 10 | गया | 16,466 | 15,485 | 7,699 |
| 11 | गोपालगंज | 5,902 | 5,902 | 1,614 |
| 12 | जमुई | 6,929 | 6,929 | 2,855 |
| 13 | जहानाबाद | 1,943 | 1,387 | 411 |
| 14 | कैमूर | 680 | 680 | 323 |
| 15 | कटिहार | 10,017 | 9,576 | 1,684 |
| 16 | खगरिया | 3,496 | 3,496 | 1,793 |
| 17 | किशनगंज | 13,451 | 13,451 | 2,679 |
| 18 | लखीसराय | 3,253 | 3,153 | 1,609 |
| 19 | मधेपुरा | 7,563 | 7,277 | 1,320 |
| 20 | मधुबनी | 11,673 | 10,847 | 3,031 |
| 21 | मुंगेर | 3,347 | 2,629 | 949 |
| 22 | मुजफ्फरपुर | 13,798 | 13,634 | 5,021 |
| 23 | नालन्दा | 2,799 | 2,374 | 1,667 |
| 24 | नवादा | 4,385 | 3,725 | 2,144 |
| 25 | पश्चिम चंपारण | 6,205 | 5,930 | 1,592 |
| 26 | पटना | 22,846 | 21,984 | 13,982 |
| 27 | पूर्वी चंपारण | 26,612 | 26,417 | 7,313 |
| 28 | पूर्णिया | 17,487 | 16,247 | 5,190 |
| 29 | रोहतास | 9,591 | 7,880 | 2,483 |
| 30 | सहरसा | 12,172 | 8,223 | 2,092 |
| 31 | समस्तीपुर | 2,779 | 2,628 | 800 |
| 32 | सारण | 13,191 | 13,142 | 3,348 |
| 33 | शेखपुरा | 1,650 | 995 | 513 |
| 34 | शिवहर | 3,771 | 3,771 | 2,795 |
| 35 | सीतामढ़ी | 10,765 | 10,005 | 3,197 |
| 36 | सिवान | 4,311 | 3,647 | 1,556 |
| 37 | सुपौल | 4,640 | 4,604 | 1,095 |
| 38 | वैशाली | 18,336 | 18,095 | 8,030 |
| **कुल** | | **3,23,356** | **3,02,590** | **1,12,166** |

******